टी बोर्ड भारत Tea Board India
14, बी.टी.एम.सरणी (ब्रेबोर्न रोड) कोलकाता 700001
14, B.T.M Sarani (Brabourne Road) Kolkata 700 001
www.teaboard.gov.in

संदर्भ सं 25(25)/सचि/2020/ दिनांक : 10/01/2025

परिपत्र

विषय : स्वच्छता के लिए अभियान जारी रखना और सरकार में लंबित मामलों को न्यूनतम संभव तक कम करना - तत्संबंधी।

मंत्रालय के दिनांक 17/12/2024 के कार्यालय ज्ञापन संख्या Q-150122/2024-O&M - DARPG(8885) के अनुसार सचिव, DARPG, भारत सरकार ने स्वच्छता के लिए अभियान जारी रखने और सरकारी विभागों/कार्यालयों में लंबित मामलों को यथासंभव न्यूनतम करने का निदेश दिया है। मंत्रालय के निदेशानुसार, स्वच्छता अभियान को संस्थागत बनाने की आवश्यकता है तथा अभियान की तीव्रता को पूरे वर्ष बनाए रखना होगा। इसके अलावा, मंत्रालय ने लंबित मामलों को न्यूनतम रखने के लिए नियमित आधार पर निम्नलिखित गतिविधियों का पालन करने का निदेश दिया है।

1. विशेष अभियान में शामिल गतिविधियों के संस्थागतकरण/निरंतरता की देखरेख के लिए विशेष अभियान पोर्टल और नोडल अधिकारियों की प्रणाली चालू रहेगी।
2. सभी मंत्रालय/विभाग अपने सभी कार्यालयों में विशेष अभियान में शामिल गतिविधियों को जारी रखने के लिए प्रत्येक सप्ताह 3 घंटे का समय समर्पित कर सकते हैं।
3. प्रत्येक मंत्रालय के नोडल अधिकारी साप्ताहिक आधार पर गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा मंत्रालय/विभाग के सचिव मासिक आधार पर प्रगति की समीक्षा करेंगे।

मंत्रालय के निर्देशानुसार, यह आवश्यक है कि चाय बोर्ड निर्देशों का पालन करे तथा मुख्यालय सहित अपने सभी क्षेत्रीय और आंचलिक कार्यालयों द्वारा स्वच्छता अभियान जारी रखे। बोर्ड के सभी आंचलिक/क्षेत्रीय कार्यालयों से अनुरोध है कि वे पूरे वर्ष स्वच्छता गतिविधियों का अभियान जारी रखें तथा मंत्रालय को प्रस्तुत करने के लिए अपनी गतिविधियों की रिपोर्ट फोटोग्राफ के साथ प्रधान कार्यालय, कोलकाता को भेजें।

भवदीय,

(ऋषिकेश राय)
सचिव

वितरण:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बोर्ड के मुख्यालय, कोलकाता के सभी विभागाध्यक्ष (उपाध्यक्ष व सचिव को छोड़कर) | अनुरोध है कि कृपया परिपत्र की विषय-वस्तु को अपने अधीन कार्यरत सभी अधिकारियों तक पहुंचाएं। |
| 2 | कार्यपालक निदेशक , टी बोर्ड, कूनूर व गुवाहाटी | |
| 3 | वि.स. एवं मु.ले.अ. | |
| 4 | निदेशक चाय विकास | |
| 5 | उ.नि.चा.वि., सिलिगुड़ी/ वि. अ. (उ.प.भा), नई दिल्ली / फै.स.अ, पालमपूर | |
| 6 | बोर्ड के सभी क्षेत्रीय/उप-क्षेत्रीय कार्यालय | |
| 7 | उपाध्यक्ष के सचिव / वि.स.एवं मु.ले.अ. व सचिव के नि.सह | |
| 8 | स्थापना शाखा | |
| 9 | आईटी कक्ष | बोर्ड के वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित |
| 10 | टीबीइए | |
| 11 | सचिवालय शाखा | |

संदर्भ. फाइल सं 25(25)/सचि/2020